# डिग्री कॉलेज या डॉग हाउस? सतना की उच्च शिक्षा व्यवस्था को 'अंगड़ाई' लेकर चिढ़ाता कुत्ता



**सतना।** विंध्य क्षेत्र में शिक्षा का केंद्र माने जाने वाले सतना जिले से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने शिक्षा विभाग के दावों की कलई खोलकर रख दी है। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (डिग्री कॉलेज) में अव्यवस्था का आलम यह है कि अब कक्षाओं में छात्रों के साथ-साथ आवारा मवेशी और श्वान भी ज्ञान बटोर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही यह तस्वीर किसी मजाक जैसी लगती है, लेकिन इसके पीछे छिपा सच बेहद डरावना और शर्मनाक है।

### छात्राओं के बीच बेंच पर पसरा 'मेहमान'

मामला कॉलेज की एक नियमित कक्षा का है। वायरल तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि कमरा छात्राओं से खचाखच भरा हुआ है,प्रोफेसर शायद ब्लैकबोर्ड पर भविष्य की इबारत लिख रहे हैं,लेकिन ठीक उसी समय बीच की एक बेंच पर एक कुत्ता खर्राटे भर रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिस बेंच पर छात्राओं को बैठकर नोट्स बनाने चाहिए थे,वहां कुत्ता पूरे हक के साथ चादर ताने सोया हुआ है। आसपास बैठी छात्राएं इस डर और असहजता के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं कि कहीं यह कुत्ता उन पर हमला न कर दे।

### सिस्टम की नींद और कुत्ते की अंगड़ाई

प्रत्यक्षदर्शियों और वायरल खबर के अनुसार,यह कुत्ता घंटों तक वहां मौजूद रहा। जब उसकी नींद पूरी हुई,तो उसने बड़ी इत्मीनान से उसी बेंच पर उठकर अंगड़ाई ली और शान से कक्षा से बाहर निकल गया। इस पूरी घटना के दौरान न तो कॉलेज के किसी सुरक्षाकर्मी ने उसे रोकने की जहमत उठाई और न ही वहां मौजूद स्टाफ ने इसे अनुशासनहीनता माना। यह 'अंगड़ाई' कॉलेज प्रशासन की उस गहरी नींद का प्रतीक है,जो छात्रों की सुरक्षा और संस्थान की गरिमा को लेकर सोई हुई है।



### सुरक्षा और प्रबंधन पर गंभीर सवाल

यह घटना महज एक इत्तेफाक नहीं,बल्कि प्रबंधन की लापरवाही का पुख्ता प्रमाण है। गेट पर सुरक्षा क्या सिर्फ दिखावा है? जब कैंपस में बाहरी तत्वों का प्रवेश वर्जित है,तो यह जानवर क्लासरूम तक कैसे पहुंचा? छात्राओं की सुरक्षा का क्या? यदि कुत्ता किसी छात्रा को काट लेता,तो इसका जिम्मेदार कौन होता? क्या कॉलेज प्रबंधन ने कक्षाओं को 'सार्वजनिक रैन बसेरा' समझ लिया है?

### सोशल मीडिया पर उड़ रहा मजाक

अब यह तस्वीर इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है और लोग जमकर चुटकी ले रहे हैं। कोई इसे हाइब्रिड एजुकेशन कह रहा है,तो कोई इसे सतना की शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का विज्ञापन बता रहा है। बहरहाल,मजाक के बीच यह सवाल जिंदा है कि क्या भारी-भरकम बजट और ऊंचे दावों वाले इन सरकारी कॉलेजों में हमारे बच्चे वाकई सुरक्षित हैं?

## खबर संक्षेप



### मजिस्ट्रेट चेकिंग में 57 वाहनों पर चालान, 25/27 आर्म्स एक्ट में युवक गिरफ्तार

**सतना।** शहर में कानून व्यवस्था और यातायात सुधार हेतु पुलिस ने कई कार्रवाईयां कीं। प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष चतुर्वेदी की उपस्थिति में कोलगवां थाने के सामने सघन चेकिंग की गई। हेलमेट,सीटबेल्ट और बिना नंबर प्लेट वाले 57 वाहनों का चालान काटकर जुर्माना वसूला गया।

### बैंक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** उचेहरा पुलिस ने मध्यांचल बैंक में चोरी के प्रयास के मामले में फरार दूसरे आरोपी शिवेन्द्र उर्फ शिब्बू सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### वृद्धा का शव मिला

**सतना।** टिकुरिया टोला वार्ड 43 में सड़क किनारे एक 75 वर्षीय अज्ञात वृद्धा का शव मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को मरचुरी में रखवाया है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** नागौद पुलिस ने बलात्कार के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। पीड़िता ने थाना नागौद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी सत्यम सिंह पटेल 21 वर्ष,निवासी वीरपुर,ने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ गलत काम किया। घटना की शुरुआत जुलाई 2025 में हुई,जब आरोपी ने खेत के पास पीड़िता को रोककर अपनी पसंद का इजहार किया और शादी का वादा कर मर्यादा लांघी। इसके बाद नवंबर माह में आरोपी उसे अपने घर ले गया और पुनः दुष्कर्म किया। अंततः आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर संपर्क तोड़ दिया, जिसके बाद पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। लगातार तलाश के बाद 25 फरवरी को आरोपी सत्यम सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्य में उनिरी. रंगदेव सिंह, उनिरी. राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, प्रआर.आर.के. कुशवाहा और प्रआर. राजेन्द्र पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# रामपुर बघेलान और अमरपाटन में खनन लीज का भारी विरोध; ट्रैक्टर रैली निकाल किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**सतना। रामपुर बघेलान और अमरपाटन क्षेत्र में प्रस्तावित खनन लीज को लेकर किसानों का आक्रोश अब सड़कों पर उतर आया है। डालमिया सीमेंट (भारत) को करीब 3600 एकड़ भूमि 40 वर्ष की लीज पर दिए जाने की प्रक्रिया के विरोध में किसानों ने अमरपाटन में विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली। इसके बाद आयोजित महापंचायत में किसानों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।**

### इन गांवों की जमीन है निशाने पर

रामपुर बघेलान विकासखंड के पटरहाई, जनार्दनपुर, जमुना, बरहा, झिरिया और कोपरिहान समेत कई ग्राम पंचायतों की भूमि को खनन के लिए चिन्हित किया गया है,जिससे ग्रामीणों में गहरा असंतोष व्याप्त है।

### नोटिस और प्रतिकर नीति पर असहमति

किसानों का आरोप है कि एसडीएम कार्यालय से जारी नोटिस और प्रस्तावित 'वार्षिक भूतल प्रतिकर नीति' उनके हितों के खिलाफ है। किसानों के अनुसार बिना ग्राम पंचायतों की स्पष्ट सहमति और व्यापक जनसुनवाई के प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। वे वार्षिक किराये के बजाय बाजार मूल्य के अनुरूप एक मुश्त मुआवजा,पुनर्वास और रोजगार की गारंटी की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि वार्षिक किराए पर जमीन देना भविष्य के साथ समझौता होगा।



### आत्मदाह की चेतावनी

कंगालदास आश्रम के पुजारी गिरजाशरण शुक्ल ने प्रशासनिक रवैये पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि बिना उचित मुआवजे के वे कंपनी को जमीन पर कदम नहीं रखने देंगे। उन्होंने जरूरत पड़ने पर कानूनी लड़ाई लड़ने की बात कही है।

# खुला बोर दे रहा हादसे को न्यौता कभी भी हो सकता बड़ा हादसा

**मैहर।** शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम ऊफरी विकासखंड मैहर मे कुछ वर्ष पहले शासकीय मद से सार्वजनिक हित को देखते हुये बोरिंग करवाया गया था। बोर में पानी न होने के वजह से इस्तेमाल नहीं हो सका और बोर को खुला छोड़ दिया गया। सबसे बड़ी बात यह है की बोर प्राथमिक शाला स्कूल के पास ही है जहां बच्चे दिनभर खेलते हुए यहां तक पहुंच जाते है। लेकिन लापरवाह का आलम इस प्रकार है की जब तक कोई बड़ी दुर्घटना ना हो तब तक प्रशासन नहीं जागता।बताया जा रहा है कि इसकी सूचना कई बार स्थानीय सरपंच को दी गई मगर सरपंच सुरेश दहायक की लापरवाही किसी दिन किसी परिवार के ऊपर भारी पड़ सकती है। पद के मद मे मस्त सरपंच जिले में बड़े अनहोनी का इंतजार करवा रहा है। हाल ही में प्रदेश में कई बड़ी घटना के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने सभी खुले हुए बोर को तत्काल ढकने का आदेश भी जारी किया था। मगर मैहर के कई ग्रामों के लिए यह आदेश सिर्फ कागज तक सीमित है। क्या ज़ब तक कोई जानवर या बच्चा काल के गाल में समा जाने के बाद ही यह आदेश ग्राम ऊफरी में लागू होगा।



# रिलायंस बायो फ्यूल संयंत्र में प्रदूषण की संयुक्त जांच; एनजीटी के आदेश पर पहुंची टीम

**सतना।** सितपुरा स्थित रिलायंस बायो फ्यूल एनर्जी संयंत्र से जुड़े प्रदूषण के मामले में बुधवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच दल ने संयंत्र का व्यापक निरीक्षण किया। एक स्थानीय किसान की शिकायत थी कि संयंत्र का अपशिष्ट जल निजी तालाब में मिलने से हजारों मछलियों की मौत हो गई।

### निरीक्षण में मिलीं खामियां

निरीक्षण के दौरान जलाशय का पानी काला और संदिग्ध पाया गया। खेतों की ओर बनाई गई अस्थायी चार दीवारी अपर्याप्त मिली। अधिकारियों ने आशंका जताई कि बारिश में मलबा बहकर खेतों तक जा सकता है। संयंत्र परिसर में भारी दुर्गंध महसूस की गई,जिस पर एसडीएम अनिकेत शांडिल्य ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

### रिटेनिंग वॉल का निर्देश

प्रशासन ने संयंत्र प्रबंधन को तुरंत मजबूत रिटेनिंग वॉल बनाने और कचरा प्रबंधन को दुरुस्त करने की हिदायत दी है।

### मंदिर में आटिका महाप्रसाद एवं उर्स को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**मैहर।** आने वाले आगामी त्यौहार होली जगन्नाथ स्वामी मंदिर में आटिका महाप्रसाद,उर्स तकिया दरगाह मुकुन्दपुर की ब्यावस्था को लेकर ताला थाना पुलिस चौकी मुकुन्दपुर परिसर में पुलिस चौकी मुकुन्दपुर प्रभारी द्वारा आयोजित की गई शान्ति समिति की बैठक। बैठक में उपस्थित एसडीओपी अमरपाटन ख्याती मिश्रा, ताला थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा,पुलिस चौकी प्रभारी नागेश्वर मिश्रा ने आने वाले आगामी त्योहारों की बैठक में मौजूद कार्यक्रम आयोजकों सहित बैठक में मौजूद जनमानस से विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान पार्किंग सहित व्यवस्थाओं का एसडीओपी अमरपाटन ने जायजा लिया साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बिजली,साफ-सफाई सहित आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान सभी को शान्ति सौहार्द के साथ भाई चारे के साथ त्योहार मनाये जाने की सभी से अपील की बैठक में अध्यक्ष जगन्नाथ स्वामी मंदिर मिजाजी लाल तिवारी, होली उत्सव समिति अध्यक्ष शत्रुघन प्रसाद दुबे,वक्फ कमेटी तकिया दरगाह अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, सरपंच रामदीन कोल,भाजपा मंडल ताला अध्यक्ष सुमित गुप्ता,मनीष चतुर्वेदी,लक्ष्मीकांत द्विवेदी, बिनतेश गुप्ता,सचिव उर्मिला पटेल पटवारी हल्का सहित सैकड़ों ग्रामीण बैठक में उपस्थित रहे।

### वार्ड क्रमांक 12 बदखर में 72.84 लाख की लागत से तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन

**सतना।** नगर के वार्ड क्र.12,बदखर में 72.84 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन महापौर योगेश कुमार ताम्रकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।महापौर ने कहा कि यह परियोजना न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाएगी,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण को भी मजबूती प्रदान करेगी। तालाब को एक स्वच्छ,सुरक्षित एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा,जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर विकास की रोशनी अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना नगर निगम का लक्ष्य है। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी,सोहावल जनपद उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बराज,वार्ड पार्षद माया देवी कोल, विशिष्ट अतिथि राकेश अग्निहोत्री,पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष रामपाल यादव,पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविन्द सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# करसरा गांव में मिला घायल हिरण का बच्चा, ग्रामीणों ने बचाई जान



**सतना। जिले के रैगांव क्षेत्र अंतर्गत करसरा गांव में बुधवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया,जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक नन्हे हिरण को लहूलुहान हालत में देखा। ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से जंगली जानवर की जान बचा ली गई है।**

### कुत्तों के हमले से बचाया

घटना सुबह करीब 9 बजे की है। ग्रामीणों ने देखा कि सड़क किनारे एक हिरण का बच्चा घायल अवस्था में तड़प रहा था और आवारा कुत्तों का झुंड उस पर हमला करने की कोशिश कर रहा था। गांव के लोगों ने तुरंत कुत्तों को वहां से खदेड़ा और मासूम हिरण को सुरक्षित घेरे में लिया। हिरण के बच्चे को इतनी करीब से देखने के लिए राहगीरों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

### शरीर पर मिले चोट के निशान

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,हिरण के पैर और कान में गंभीर चोटें आई हैं। आशंका जताई जा रही है कि या तो वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया या फिर कुत्तों ने उसे अपना शिकार बनाने की कोशिश की है।

### वन विभाग ने किया रेस्क्यू, जांच शुरू

ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के तुरंत बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने हिरण के बच्चे को अपने संरक्षण में ले लिया है और उसे प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया है। वन विभाग का कहना है घायल हिरण का उपचार किया जा रहा है। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह शावक जंगल से भटक कर रिहायशी इलाके तक कैसे पहुंचा और इसे लगी चोटों का मुख्य कारण क्या है।

### उचेहरा प्लस मैहर इलेवन के जीत का जश्न : जय महाकाल भंडारा आयोजित




सतना। रेल मनोरंजन सदन सतना के तत्वाधान में आयोजित रेलवे प्रीमियर लीग अन्तर्विभागीय क्रिकेट टटूर्नामेंट 2026 का फाइनल मुकाबला जीतकर उचेहरा प्लस मैहर इलेवन ने अपने नाम किया। इस उपलक्ष्य में उचेहरा प्लस मैहर टीम के कप्तान वरुण शुक्ला और समस्त टीम के खिलाड़ियों द्वारा उचेहरा रेलवे कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में जय महाकाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे के रूप में आयोजित जश्न में मनोरंजन सदन के सचिव यादवेंद्र, कोषाध्यक्ष नीरज राज, टूर्नामेंट संचालन समिति के सदस्य राजेंद्र गुप्ता, डी के सक्सेना, निवेंद्र सिंह, अनूप द्विवेदी, पंकज तिवारी, पुष्पेंद्र तिवारी, अजीत, मुन्ना, किशन,प्रिंस सुखनारायण, बूटा लाल सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। भंडारे की रौनक में चार चांद लग गई जब सतना से उचेहरा पहुंचे एडीएमई अशोक चौरसिया, क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र सिंह, डीएसटी नीरज गोयल, पीडब्ल्यूआई मुकेश मिश्रा, एस एस ई शिव कुमार, सीपीडब्ल्यूआई संतोष कुमार, चीफ ओएस संतोष रावत और अन्य रेल कर्मचारी और मनोरंजन सदन के सदस्य। एसएससी ए पी सिंह ने भंडारे में आए हुए टूर्नामेंट संचालन समिति के सभी सदस्यों का खास तौर पर सचिव यादवेंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष नीरज राज का इतनी प्यारा आयोजन के लिए दिल से धन्यवाद दिया।

# अश्विनी श्रीवास्तव संयुक्त सचिव केन्द्र सरकार से हरिभूमि ने सीधी बात करते हुये पीएम श्री विद्यालयों से मिलने वाली शिक्षा व सुविधाओं के बारे में जाने हालात

**जिले में गुणवत्ता पूर्ण बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिये 18 पीएम श्री योजना अंतर्गत विद्यालय जिसमें केन्द्रीय विद्यालय व नवोदय विद्यालय की दर्ज पर 16 विद्यालयों के माध्यम से षिक्षा प्रदान करने के लिये आसार हुये तय**

पन्ना।

पीएम श्री विद्यालयों क माध्यम से जहां बेहतर षिक्षा वर्तमान समय में विद्यालयों में समय के अनुसार सुविधाओं के सौगात के साथ व्यवसायिक षिक्षा संगीत षिक्षा स्पोर्टस आदि को समेकित करते हुये जहां छात्र-छात्राओं के भविष्य के निर्माण को लेकर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की सहभागिता से 16 पीएम श्री विद्यालयों में जिले के अब नवोदय विद्यालय व केन्द्रीय विद्यालय की तर्ज पर षिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य के आयाम हुये तय, षिक्षा ही विकास का प्रमुख आधार है जो पन्ना जिले में षिक्षा के माध्यम से ही चहुमुखी विकास व देष के भावी भविष्य के निर्माण के लिये अच्छी राह हुई तय, निष्चिततौर पर जिस तरह से जिले में 16 पीएम श्री विद्यालय संचालित हुये है जिस तर्ज पर केन्द्र सरकार से नवोदय विद्यालय रमखिरिया व केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में षिक्षा प्रदान की जाती है उसी तर्ज पर केन्द्र सरकार की मंषा के अनुसार मापदण्ड जो निर्धारित है म0प्र0 सरकार की सहभागिता के साथ 16 पीएम श्री विद्यालय संचालित है जिनमें गुणवत्ता पूर्ण षिक्षा आधुनिक सुविधाओं के साथ वहीं व्यवसायिक षिक्षा पर जोर साथ ही संगीत की षिक्षा इतना ही नहीं विद्यालयों में ही स्पोर्टस की षिक्षा वर्तमान समय में जिस तरह से निजी विद्यालयों में बेहतर षिक्षा प्रदान करने के लिये जो सुविधायें मिलती है अब इन 16 पीएम श्री विद्यालयों में पढने वाले छात्र.-छात्राओं को षिक्षा प्रदान की जायेगी। जिसके बारे में सीधी बात हरिभूमि ब्यूरो चीफ ने भारत सरकार के संयुक्त सचिव अष्विनी श्रीवास्तव से चर्चा करते हुये जाने हालात जो जिले में पीएम श्री विद्यालयों में षिक्षा जो प्रदान की जा रही है वहीं जो सरकार के द्वारा मापदण्ड निर्धारित किये गये जो सुविधायें प्रदान की जा रही है ये सुविधायें विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को षिक्षा प्रदान करने को लेकर मिल रही है कि नहीं इसको परखने के लिये आये हुये थे। जो केन्द्र सरकार ने इन पीएम श्री विद्यालयों के माध्यम से बेहतर षिक्षा प्रदान करने के लिये जो दिषा तय की है वहीं राज्य सरकार के माध्यम से जो इन विद्यालयों के माध्यम से षिक्षा प्रदान करने के लिये आधुनिक सुविधाओं के साथ देष के भावी भविष्य के निर्माण को लेकर जो षिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है



यह निष्चिततौर पर हमारे जिले के लिये आने वाले समय में इसके परिणाम जाने जायेंगे क्योंकि षिक्षा ही विकास का आधार है। षिक्षा के माध्यम से ही जहां छात्र.-छात्राओं का भविष्य स्वमेव जाना जाता है इन पीएम श्री 16 विद्यालयों के माध्यम से आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर षिक्षा अब विद्यालयों में पढने वाले छात्र-छात्राओं को उसी क्षेत्र में मिलने के आसार तय हुये यह हमारे जिले के लिये बड़ी उपलब्धि सामने आई है। 16 पीएम श्री विद्यालय बेहतर षिक्षा प्रदान करने के लिये आधुनिक सुविधाओं के साथ जाने जा रहे है। सभी इन विद्यालयों में जहां अलग ही षिक्षा का स्तर छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण को लेकर बेहतर षिक्षा के साथ आयाम तय कर रहे है। भारत सरकार के संयुक्त संचिव अष्विनी श्रीवास्तव ने जहां पीएम श्री विद्यालयों में जो षिक्षा प्रदान करने के लिये सुविधायें प्रदान की गई है इनके बारे में बारीकी से जाना व छात्र-छात्राओं से संवाद करके भी परखा वहीं जो आगे भी सुविधायें प्रदान की जानी है उनके बारे में भी जिला कलेक्टर व जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये आगामी षिक्षा सत्र में भी इन 16 पीएम श्री विद्यालयों के बारे में प्राचार्यो व एचएम के साथ बैठक करके सुझाव व मार्गदर्षन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक तय की गई जिले के विकास के साथ-साथ देष के भावी भविष्य के निर्माण को लेकर 16 पीएम श्री विद्यालयों के संचालन से निष्चिततौर पर षिक्षा के गुणवत्ता को लेकर जिले का स्तर षिक्षा के क्षेत्र में बेहतर आयाम तय करेगा। भारत सरकार व राज्य सरकार के समन्वय से जहां छात्र-छात्राओं के भविष्य के निर्माण को लेकर जो यह नींव रखी गई इसके परिणाम आने वाले समय में बेहतर आयाम को लेकर जाने जायेंगे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में बौद्धिक चर्चा सत्र आयोजित



**पन्ना।** सात दिवसीय आवासीय शिविर के तृतीय दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना (छै) के अंतर्गत बौद्धिक चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नंदपाल सिंह राजपूत (भूतपूर्व ठम्०) विद्यार्थियों के बीच उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए छै के कर्तव्यों, उद्देश्यों एवं सामाजिक दायित्वों पर अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए। उन्होंने वर्ष 1985 में स्वयं द्वारा किए गए छै शिविर से जुड़े प्रेरणादायक संस्मरण भी विद्यार्थियों को सुनाए, जिससे छात्र-छात्राओं में सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता बढ़ी। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापक जेपी अहिरवार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा समसामयिक एवं शैक्षिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार यादव, डॉ. प्रभात सिंह एवं डॉ. मनुराज पांडे भी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के साथ सामाजिक, नैतिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। सत्र का वातावरण अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### देवेंद्रनगर सलेहा रोड बना "धूल और पत्थरों" का जाल, हादसों की खुली दावत



**पन्ना।** देवेंद्रनगर सलेहा रोड इस समय विकास कार्य नहीं, बल्कि अव्यवस्था और गैर-जिम्मेदारी की मिसाल बन चुकी है। सड़क किनारे डाले गए मिट्टी और बड़े-बड़े पत्थरों को बिना समतल किए छोड़ दिया गया है। न चेतावनी बोर्ड, न बैरिकेडिंग, न रात में रिफ्लेक्टरकृऐसे में हर गुजरता वाहन हादसे के खतरे से जूझ रहा है। बीती रात पत्थरों से टकराकर एक बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं हैकृलगातार छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। उड़ती धूल से हालात और भयावह हैं। राहगीरों और दुकानदारों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। सवाल उठता हैकृक्या पीडब्ल्यूडी अधिकारी और संबंधित ठेकेदार सिर्फ भुगतान लेने में सक्रिय हैं, जिम्मेदारी निभाने में नहीं? नगरवासियों का साफ कहना है कि यह सीधी-सीधी लापरवाही और मनमानी है। बिना सुरक्षा मानकों का पालन किए काम कराया जा रहा है। अगर समय रहते पत्थरों को समतल नहीं किया गया, नियमित पानी का छिड़काव नहीं हुआ और सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए। जनता पूछ रही हैकृक्या किसी बड़ी अनहोनी के बाद ही जवाबदेही तय होगी।

### 92वें वर्ष की उम्र तय करते हुये दादी ने खुश रहो का आशीर्वाद देते हुये किया देव लोक गमन



**पन्ना।** खुशनसीब होते है वो जिन्हें बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलता है। ऐसे ही हमारे मीडिया जगत से जुड़े हुये जीतेन्द्र दुबे पत्रकार की 92 वर्ष की दादी जो अंतिम समय में अपने पोते को जहां खुश रहो का आशीर्वाद देकर अपनी जीवन लीला का पड़ाव तय किया। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

# कपिल धारा योजना में रिश्वत लेते सरपंच गिरफ्तार लोकायुक्त सागर टीम ने कार्यवाही को दिया अंजाम

शाहनगर।

जिले की शाहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चौपरा में रिश्वत का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक जनप्रतिनिधि ने दूसरे जनप्रतिनिधि के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। 11 हजार की मांग, 5 हजार लेते रंगे हाथ पकड़े गए, जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत चौपरा के सरपंच जगत आदिवासी ने गांव के उपसरपंच नंदलाल राठौर से कपिल धारा कूप निर्माण योजना में पात्रता दिलाने के लिए 11,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। बताया जा रहा है कि 5,000 रुपये की पहली किस्त तहसील प्रांगण में दी जानी थी। मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे जैसे ही उपसरपंच ने सरपंच को



5,000 रुपये दिए, पहले से मौजूद लोकायुक्त सागर की टीम ने कार्रवाई करते हुए सरपंच को दबोच लिया और राशि जब्त कर ली।

## लोकायुक्त की टीम ने की कार्रवाई

कार्रवाई में लोकायुक्त सागर की टीम के निरीक्षक कमल सिंह उइके, निरीक्षक रंजीत सिंह, प्रधान आरक्षक यशवंत सिंह, आरक्षक अरविंद नायक, राघवेंद्र सिंह, आदेश तिवारी और प्रदीप दुबे शामिल रहे। आरोपी सरपंच के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सरपंच ने आरोपों से किया इनकार

गिरफ्तारी के बाद सरपंच जगत आदिवासी ने कहा कि उन्हें चुनावी रंजिश के तहत फंसाया जा रहा है। उनका दावा है कि नंदलाल राठौर ने स्वयं उन्हें पैसे दिए और यह साजिशन किया गया है। एक जनप्रतिनिधि द्वारा दूसरे जनप्रतिनिधि के खिलाफ की गई शिकायत का यह मामला जिले में अब तक का अनोखा प्रकरण माना जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। वहीं लोकायुक्त टीम ने सरपंच को कब्जे में लेते हुये कार्यवाही जारी होने का मामला चर्चा में है।

# भाजपा की नई टीम का ऐलान, 21 पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

पन्ना।

भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से 21 पदाधिकारियों की सूची जारी की। घोषणा के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। जारी सूची के अनुसार विभिन्न पदों पर सक्रिय और अनुभवी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि संगठन की गतिविधियों को गति दी जा सके और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। भाजपा उपाध्यक्ष के पद पर श्रीमती सुषमा आदिवासी, दीपेन्द्र सिंह,

  

सुशील त्रिपाठी, कमल लालवानी, श्रीमती पूनम यादव, भास्कर पाण्डेय, शैलेन्द्र श्रीवास्तव एवं शैलेन्द्र सिंह राजपूत को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भाजपा महामंत्री के पद पर माधवेन्द्र सिंह एवं राजेन्द्र कुशवाहा को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा मंत्री के पद पर कमलेश लोधी, कौशल किशोर लोधी, अवध तिवारी, श्रीमती संगीता राय, श्रीमती विजया राजे एवं जगदीश पटेल को जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह एवं राकेश चौबे को बनाया गया है। कार्यालय मंत्री प्रदीप मजूमदार को एवं धुव्र चौबे को सह-कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि नई टीम संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण और टीम भावना के साथ संगठन हित में कार्य करेंगे।



# देवेंद्रनगर बिरवाही रोड वाले कृषि उपज मंडी गेट की पटरी न बनने से बाइक चालक टकरा कर गिरा, आई चोटें

देवेंद्रनगर।

बिरवाही रोड स्थित कृषि उपज मंडी देवेंद्रनगर के गेट पर पटरी अधूरी छोड़ देने से एक बाइक चालक हादसे का शिकार हो गया। मंडी गेट पर सीसी रोड तो बना दी गई, लेकिन दोनों ओर लगभग आधा फीट जगह खाली छोड़ दी गई है, जिससे सीसी रोड के किनारे असमतल है। इसी कारण आज एक बाइक चालक शिवम कुशवाहा निवासी हनुमान पुरा गढ़ी पड़रिया ग्राम से वापस अपने ग्राम जा रहा था तभी



देवेंद्रनगर कृषि उपजमंडी मंडी के बिरवाही रोड के गेट के सामने बने सीसी रोड में टकरा जाने से संतुलन बिगड़ गया और पटरी से टकरा कर गिर गया जिससे घायल हो गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मंडी प्रशासन ने निर्माण कार्य तो कराया, लेकिन समतलीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया। अगर एक ट्रॉली मुरम या गिट्टी डालकर किनारों को बराबर कर दिया जाता, तो यह स्थिति नहीं बनती। ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि मंडी के अंदर आने-जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहन भी इस गड्ढेनुमा पटरी में फंसने और पलटने के खतरे से जूझ रहे हैं। आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। लोगों ने मांग की है कि मंडी गेट की दोनों ओर तुरंत समतलीकरण कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# यूजीसी कानून वापस लेने सहित कई मुद्दों को लेकर के 27 फरवरी को अजयगढ़ में जन आक्रोश रैली का आयोजन

पन्ना।

अमर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस 27 फरवरी को अजय पाल स्टेडियम अजयगढ़ में दोपहर 12:00 से यूजीसी कानून वापस लेने देवी देवताओं के बारे में अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने साधु संतों के बारे में अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने रामायण आदि धार्मिक ग्रंथो के बारे में अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने विवादित आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर के जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया हैजन आक्रोश रैली संयोजन समिति के सदस्य श्रीराम पाठक अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद दादूराम मिश्रा गोपाल स्वरूप तिवारी कुंवर सिंह इंद्रपाल शुक्ला कैलाश प्रसाद द्विवेदी कपिल देव मिश्रा मलखान सिंह भोला प्रसाद गौतम कमलेश दुबे दिनेश रावत नारायण सिंह बुंदेला बाबू राजा बुंदेला पंकज मिश्रा मोहित मिश्रा डॉ रमाशंकर द्विवेदी रामेश्वर प्रसाद शुक्ला संतोष मिश्रा सुरेश गुप्ता नवीन श्रीवास्तव भुवन राजन पुष्पेंद्र द्विवेदी कमलेश मिश्रा कुंज बिहारी दुबे शंकर प्रसाद दुबे अरविंद द्विवेदी कपूर सिंह बालक राम सिंह रामपाल उपाध्याय चंद्र प्रकाश अग्निहोत्री लल्लन पांडे लखन लाल यादव उदय प्रताप सिंह रोल छोटेलाल सिंह लोधी राजेश कुशवाहा नाथू केवट इच्छाराम पटेल जग प्रसाद यादव आशीष जड़यिा अशोक शुक्ला महेंद्र कुमार बाजपेई विमलेश गुप्ता रामस्वरूप गुप्ता राजू गुप्ता शंकर सिंह बुंदेला कृष्ण पाल सिंह बुंदेला गुड्डू मिश्रा राजा पाठक शीतल शुक्ला अनुराग तिवारी अरविंद सिंह बुंदेला भानु राजा राहुल सिंह मोहम्मद महबूब रफीक मोहम्मद रमेश शुक्ला दिवाकर दत्त मिश्रा अरविंद मिश्रा और महेश प्रसाद अवस्थी पूर्व सैनिक भगवान दिन बालूपुर वाले रवि विश्वकर्मा अरूण तिवारी वेद प्रकाश दानी रानीपुर अवतार अवतार सिंह राठौड़ पूर्व शिक्षक सहित अन्य कई क्षेत्र क्षेत्रीय जनों ने सर्व समाज के लोगों से रैली में शामिल होने की अपील की है।

# गुनौर में होली, नवरात्रि एवं गजरथ महोत्सव को लेकर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



पन्ना।

आगामी पर्व होली, नवरात्रि एवं नगर में आयोजित होने जा रहे भव्य गजरथ महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ को लेकर गुनौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गुनौर थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री, नायब तहसीलदार राजेश मेहरा, नगर परिषद उपध्यक्ष चंदन सपेरा जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री द्वारा की गई, जिसमें सभी से पर्वों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए। डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्धारित समय सीमा के भीतर ही संचालित किए जाएं। जुलूस एवं धार्मिक आयोजनों के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न करें। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। विशेष रूप से गजरथ महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के दौरान नगर में भारी भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सुरक्षा व्यवस्था एवं महिला सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया कि पर्वों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। बैठक में उपस्थित समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और नगरवासियों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। अंत में थाना प्रभारी ने कहा कि गुनौर की पहचान आपसी एकता और सौहार्द है, इसे कायम रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कुल मिलाकर बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और सभी ने मिलकर पर्वों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# अमानगंज में सड़क हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत




अमानगंज।

पन्ना जिले के अमानगंज क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 44 वर्षीय महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जलसा उर्फ बड़ी बहू आदिवासी, पति गोविंद आदिवासी, निवासी जैसाबाद हाल निवास वार्ड क्रमांक 3 अमानगंज, को पिपरवाह बाईपास के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।घटना के बाद गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे चिकित्सकों द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया।बताया जा रहा है कि टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है



**खबर संक्षेप**

## छतरपुर में शुरू हुई नई तहसील, नवागत एसडीएम प्रशांत अग्रवाल ने संभाला पदभार



**छतरपुर।** जिले में प्रशासनिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पन्ना रोड पर छत्रसालनगर के पीछे फोरलेन के निकट नई तहसील भवन का निर्माण पूरा हो गया है और यहां नई तहसील कार्यरत हो गई है। नवागत अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) प्रशांत अग्रवाल ने इस नए भवन में पदभार ग्रहण कर लिया है। एसडीएम प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने यहां ज्वाइन कर लिया है। नई तहसील भवन में अब छतरपुर नगर के तीनों वृत्त छतरपुर नगर, सौरा और बृजपुरा के कार्य संचालित होंगे। साथ ही एसडीएम कार्यालय भी इसी स्थान से शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर के निर्देशन में शासन की सभी प्राथमिकताओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राजस्व कार्यों में तेजी लाने के लिए आज पटवारियों की बैठक ली गई, जिसमें उन्हें आवश्यक निर्देश दिए गए हैं ताकि राजस्व संबंधी सभी मामलों में प्रगति सुनिश्चित हो सके।

## नशे में वाहन चलाने वाले चालक पर 10 हजार का जुर्माना



**छतरपुर।** विगत रात्रि ट्रैफिक इंटरसेप्टर वाहन में सूचना प्राप्त हुई कि सागर कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कानपुर तरफ से आ रहे ट्रक को चालक अनियंत्रित गति से चला रहा है। छतरपुर नगर के सभी प्वाइंटों में सूचना देकर अस्थाई नाकेबंदी की गई। ट्रैफिक इंटरसेप्टर मोबाइल द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए ट्रक का पीछा किया गया। पुलिस टीम द्वारा विधिवत त्वरित कार्यवाही करते हुए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ट्रक को जप्त कर प्रतिवेदन माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा जिला उन्नाव उत्तर प्रदेश रजिस्टर्ड ट्रक के चालक राजेंद्र पांडेय पिता राधेश्याम पांडेय निवासी ग्राम अकोरी जिला जालौन उत्तर प्रदेश को दस हजार अर्थ दंड से दंडित किया गया।

### सफारी कार से काली फिल्म, हूटर निकलवाकर उसे ओरछा रोड़ थाने में रखवा दिया

# नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष की सफारी कार का 14500 हुआ चालान

**छतरपुर।** किसी भी पार्टी में कोई भी पद मिलने पर आजकल जनप्रतिनिधि अपने आप को कानून से ऊपर समझने लगते है। लेकिन कभी कभी तेज तर्राट पुलिस अधिकारी का सामना करने पर कानून से ऊपर समझने वाले जनप्रतिनिधि को मुंह की खानी पड़ती है। युवा मोर्चा के अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी द्वारा प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मी की कॉलर पकडऩे के मामले में भले ही पुलिस अधीक्षक कोई कार्यवाही नहीं कर पाए, लेकिन ओरछा रोड़ थाने का प्रभार संभालते ही प्रशिक्षु आईपीएस लेखराज मीणा ने भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष पंकज पाण्डेय की सफारी कार से काली फिल्म, हूटर निकलवाकर उसे ओरछा रोड़ थाने में रखवा दिया और 14500 रूपए का चालान भी ठोक दिया गया। जांच के दौरान पता चला कि जिस सफारी गाड़ी को भाजपा के नए जिला उपाध्यक्ष पकंज पाण्डेय उपयोग करके सड़क पर रौब झाड़ रहे थे, उस गाड़ी का बीमा ही नहीं था। लेकिन उनकी यह हेकड़ी ओरछा रोड़ थाने के नए प्रभारी आईपीएस लेखराज मीणा के सामने ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। आईपीएस लेखराज मीणा द्वारा की गई इस कार्यवाही से पुलिस महकमे के साथ साथ आमजन मानस में एक अच्छा संदेश गया है कि कानून सबके लिए बराबर है चाहे वह जनप्रतिनिधि हो या फिर आम नागरिक। भाजपा के नए जिलाध्यक्ष पंकज पाण्डेय की हूटर लगी गाड़ी जब जप्त की गई तब मौके पर न्यायधीश अरविंद गुर्जर भी मौजूद थे और उन्होंने पुलिस जांच में दस्तावेज अधूरे पाये जाने पर वाहन को तत्काल शीज करवा दिया। देर रात तक थाना ओरछा रोड़ में बैधानिक कार्यवाही चलती रही और मजिस्ट्रेट ने शक्ति दिखाकर जनप्रतिनिधि के ऊपर से सत्ता का नशा उतार दिया। इस कार्यवाही से पुलिस अधिकारियों को सबक सीखना चाहिए कि आखिर कानून का उल्लंघन करना किसी को भी भारी पड़ सकता है।



## भारतीय मजदूर संघ का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, श्रमिक हितों की उठाई मांग



**छतरपुर।** भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर मजदूर हितों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया के नाम कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया।
संघ की महिला पदाधिकारी सन्ध्या त्रिपाठी ने बताया कि पुरी (ओडिशा) में 6, 7 एवं 8 फरवरी 2026 को आयोजित भारतीय मजदूर संघ के 21वें अखिल भारतीय अधिवेशन में श्रमिकों के हितों से संबंधित कई प्रस्ताव पारित किए गए थे। इन्हीं प्रस्तावों के समर्थन में जिला स्तर पर यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रमुख मांगों में सभी श्रमिकों पर एक समान श्रम कानून लागू करने, ईपीएस-95 योजना के तहत न्यूनतम पेंशन को वर्तमान 1000 रुपये से बढ़ाकर 17,500 रुपये प्रतिमाह करने, ईपीएफ और ईएसआईसी की वेतन सीमा में वृद्धि करने तथा इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस को शीघ्र बुलाए जाने की मांग शामिल है।
इसके अलावा स्थानीय स्तर की कई ज्वलंत समस्याओं को भी उठाया गया। इनमें स्वास्थ्य विभाग के लंबित एरियर्स का भुगतान, सेवा पुस्तिकाओं की पूर्णता सुनिश्चित करना, सेवानिवृत्ति पर देयकों का समयबद्ध भुगतान, विद्युत विभाग में पदोन्नति, वेलफेयर बोर्ड का पुनः संचालन, बीड़ी मजदूरों के कार्ड का नवीनीकरण, भवन निर्माण श्रमिकों को दुर्घटना लाभ प्रदान करना तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को समय पर मानदेय दिलाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही।

## ग्राम नयागांव में पकड़ा गया अवैध देशी मिक्स गुटखा, पुलिस और फूड विभाग की संयुक्त



### 11 बोरा पकड़ा गया जिसमें चाचा जी, पंडित जी, आशा और मास्टर ब्रांड का गुटखा पाया गया

**नौगांव।** थाना अंतर्गत ग्राम नयागांव में अवैध मिक्स देशी गुटखा पिछले काफी समय से बन रहा था पुलिस और फूड विभाग ने की संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही। मिली जानकारी के अनुसार नौगांव थाना के ग्राम पंचायत नयागांव में पिछले काफी समय से बन रहा था अवैध मिक्स देशी गुटखा जहां पुलिस और फूड विभाग ने की संयुक्त कार्यवाही।

बताया जाता है कि आशा आशा पंडित जी, चाचा जी एवं मास्टर जी नाम के गुटखे के रैपर गुटखा मशीन सहित रोल एवं अन्य सामग्री सहित कुल 11 बोरा अवैध मिक्स देशी गुटखा जब्त किया गया। खबर लिखने तक संबंधित विभाग कार्यवाही करने में जुटा है। इस मौके पर एसडीओपी अमित मेश्राम, थाना प्रभारी वाल्मीक चौबे पुलिसबल सहित फूड विभाग की अधिकारी और उनका स्टाफ मौजूद रहा।

जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि यह गुटखा किसी रिछारिया का बताया जा रहा है जो लंबे समय से गांव के बाहर पंचायत भवन के समीप बनाया जा रहा था।



## मिट्टी धंसने से 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरकोहा में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें 20 वर्षीय युवक दीपेन्द्र यादव की मिट्टी धंसने से मौत हो गई। मृतक दीपेन्द्र यादव पुत्र जमुना यादव निवासी इसी ग्राम के थे।

जानकारी के अनुसार, युवक सुबह करीब 6 बजे अपने खेत पर किसी कार्य के लिए मिट्टी निकालने गया था। इसी दौरान अचानक मिट्टी का बड़ा हिस्सा भरभराकर ढह गया और उसके ऊपर गिर पड़ा। इससे वह गंभीर रूप से दब गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने बड़ी मुश्किल से युवक को बाहर निकाला और तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर छतरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम सरपंच प्रीतम यादव ने बताया कि यह हादसा पूरी तरह अचानक हुआ है। परिजनों ने शासन से आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

**जंजीरों से बंधा मिला; डॉ. संजय शर्मा ने कराया इलाज का इंतजाम**

## प्यार में धोखा खाकर मानसिक रूप से विक्षिप्त हुआ युवक



**छतरपुर। जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसारी गांव का रहने वाला युवक सोनू रैकवार कई वर्षों से मानसिक विकार से जूझ रहा है। परिवार ने उसे लोगों पर हमला करने के कारण जंजीरों से बांधकर रखा हुआ था। मानसिक विक्षिप्तों के सेवक के रूप में प्रसिद्ध डॉ. संजय शर्मा ने इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की और महिला थाना प्रभारी प्रतिभा श्रीवास्तव के सहयोग से युवक का जिला चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण कराया।**

मानसिक विक्षिप्तों के सेवक डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि सोनू रैकवार लगभग 7-8 साल पहले दिल्ली में मजदूरी करता था। वहां किसी लड़की से प्रेम हो गया, लेकिन प्यार में धोखा मिलने के बाद वह घर लौट आया। इसके बाद उसने खाना-पीना छोड़ दिया, अजीब हरकतें करने लगा और बेवफाई के गाने सुनता रहता था। उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई। वर्तमान में उसके पिता हरदास रैकवार अत्यंत गरीब हैं और भिक्षावृत्ति करने को मजबूर हो गए हैं।

डॉ. शर्मा ने कहा कि सोनू की मानसिक स्थिति गंभीर है, लेकिन उचित इलाज से वह पूरी तरह ठीक हो सकता है। उन्होंने युवक को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की है। न्यायालय के आदेश के बाद सोनू को ग्वालियर की मानसिक आरोग्यशाला में भर्ती कराया जाएगा, जहां उसका उचित उपचार होगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि उन्होंने अब तक 1500 से अधिक मानसिक रोगियों को आरोग्यशाला भिजवाया है, जिनमें से लगभग 1400 लोग स्वस्थ होकर मुख्यधारा में लौट आए हैं और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सोनू संजय दत्त का बड़ा फैन है और उनकी तरह एक्टिंग भी करता है। पिता हरदास रैकवार ने भगवान बालाजी और समाज के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सभी की मदद से उनका बेटा जल्द स्वस्थ होकर घर लौट आएगा।

## गढ़ी मलहरा पुलिस ने गुम बालिका को किया दस्तयाब

**छतरपुर।**

पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम/अपहृत हुए बालक बालिकाओं एवं गुम हुए व्यक्तियों की तलाश कर दस्तयाबी की जाकर परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया जा रहा है। साथ ही अन्य राज्यों एवं जिलों के व्यक्ति, बालक, बालिकाएं एवं मानसिक विक्षिप्त, घायल जो गुम होकर छतरपुर जिले में मिलते हैं, संबंधित थाना पुलिस से संपर्क कर सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। बाजार, धार्मिक स्थल सहित अन्य स्थानों से गुम हुए सैकड़ो शिशु, बालक, बालिकाएं एवं अन्य की दस्तयाबी की गई है। दिनांक 1 जनवरी 2026 से अभी तक(पंजीकृत) गुम हुए 47 से अधिक बालक बालिकाएं देश के विभिन्न राज्यों से दस्तयाब की गई हैं।
थाना गढ़ी मलहरा में विगत 5 दिन पूर्व गुम बालिका संबंधी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। गुम बालिका को दस्तयाब किया गया। इस त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी गढ़ी मलहरा निरीक्षक रीता सिंह, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र तिवारी, आरक्षक श्री राम, महिला आरक्षक राधा की भूमिका रही।



## केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

### खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस के समय में बदलाव की मांग



**छतरपुर।** केंद्रीय मंत्री तथा खजुराहो सांसद वीरेन्द्र कुमार ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22163/22164) की वर्तमान समय सारिणी में तत्काल बदलाव की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह ट्रेन खजुराहो से शाम 4:30 बजे चलकर भोपाल रात 11:05 बजे पहुंचती है, जबकि वापसी में भोपाल से सुबह 6:30 बजे चलकर दोपहर 12:55 बजे खजुराहो पहुंचती है।

इस समय सारिणी के कारण यात्रियों को भोपाल में दो रातें मजबूरी में रुकना पड़ता है, जिससे उनका काफी समय बर्बाद होता है और अनावश्यक आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है। टीकमगढ़ और छतरपुर क्षेत्र के निवासियों द्वारा लंबे समय से इस ट्रेन के समय में परिवर्तन की मांग की जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने प्रस्ताव दिया है कि ट्रेन की समय सारिणी इस प्रकार बदली जाए कि खजुराहो से सुबह 5 बजे चलकर सुबह 10:30 से 11:00 बजे के बीच भोपाल पहुंचे। वहीं शाम को भोपाल से 5-6 बजे चलकर रात 10:30 से 11:00 बजे तक खजुराहो पहुंच सके। इस बदलाव से क्षेत्र के शासकीय कर्मचारियों, व्यवसायियों, छात्रों तथा आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी और वे भोपाल में रात रुकने के अनावश्यक खर्च व समय की बर्बादी से बच सकेंगे।

## नगर पालिका की अनदेखी से बदहाल हुआ छतरपुर का ग्वाल मगरा तालाब



**छतरपुर।** शहर में स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपये खर्च होने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर नजर आ रही है। छतरपुर के प्रमुख जलस्रोतों में शुमार ग्वाल मगरा तालाब इन दिनों गंदगी की भेंट चढ़ चुका है। तालाब में कचरे के ढेर, प्लास्टिक की बोतलें, थर्मोकोल और अन्य कचरा तैरता दिखाई दे रहा है, जबकि गंदा पानी जमा होने से पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार की जा रही मांग पर नपा द्वारा तालाब का दूषित पानी निकालने का काम जारी है और जल्द ही तालाब की सफाई की जाएगी।
तालाब के आसपास की दुकानदारों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि नियमित सफाई न होने से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। शाम के समय यहां टहलने आने वाले लोग, खासकर महिलाएं और बच्चे, बदबू और मच्छरों की समस्या से जूझ रहे हैं। कई निवासियों ने डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा जताया है।
रहवासियों का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से तालाब की यह दयनीय स्थिति बनी हुई है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई गंभीर प्रयास नहीं हो रहा। आसपास की नालियों का गंदा पानी सीधे तालाब में जा रहा है। हालांकि कभी-कभी मशीनों से पानी निकालने की कोशिश की जाती है, लेकिन यह अस्थायी उपाय है और स्थायी समाधान की कमी साफ दिख रही है।

## अनिल द्विवेदी बने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट कमेटी के सदस्य



**छतरपुर।** राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर ने अधिवक्ताओं की लंबे समय से चली आ रही प्रमुख मांग एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस संबंध में गठित कमेटी में छतरपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जिला अधिवक्ता संघ के वर्तमान सचिव अनिल द्विवेदी को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।अधिवक्ता रवि पाण्डेय ने बताया कि कई वर्षों से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट की मांग जोर-शोर से उठ रही है। राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा गठित इस 7 सदस्यीय कमेटी में अनिल द्विवेदी को शामिल कर छतरपुर सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। वे इस कमेटी के माध्यम से अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए आगे की रणनीति तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।अधिवक्ता अनिल द्विवेदी ने स्वयं इस नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से अधिवक्ताओं के हित में संघर्षरत है, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया गया है। इस कमेटी का गठन पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं से विचार-विमर्श कर रणनीति बनाने के लिए किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार जल्द ही यह एक्ट लागू नहीं करती, तो भोपाल में सरकार के खिलाफ निर्णायक प्रदर्शन किया जाएगा और आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के कई अन्य अधिवक्ताओं ने अनिल द्विवेदी का जोरदार स्वागत किया और उनकी इस जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## यादव समाज का विरोध प्रदर्शन, फिल्म के खिलाफ पुतला दहन



**महाराजपुर।** मध्यप्रदेश में युवा यादव महासभा के प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत महाराजपुर में भी यादव समाज के युवाओं ने विरोध जताया। युवा यादव महासभा के प्रदेश महासचिव देवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक युवक एकत्रित होकर महाराजपुर बस स्टैंड पहुंचे और फिल्म के विरोध में प्रदर्शन किया।

बताया गया कि फिल्म निर्माता संदीप तोमर एवं निर्देशक अंकित बढ़ाना द्वारा बनाई गई यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म 27 तारीख को रिलीज होने जा रही है। समाज के लोगों का आरोप है कि इस फिल्म और उससे जुड़े पोस्टरों में यादव समाज के नाम को लेकर अभद्र टिप्पणियां की गई हैं, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं।

इसी के विरोध में समाज के युवाओं ने महाराजपुर बस स्टैंड पर फिल्म निर्माता और निर्देशक का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने फिल्म पर रोक लगाने तथा संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

बाद में युवा यादव महासभा के प्रदेश महासचिव देवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों ने महाराजपुर थाने पहुंचकर फिल्म निर्माता संदीप तोमर और निर्देशक अंकित बढ़ाना के खिलाफ आवेदन सौंपते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि फिल्म पर रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### बमीठा थाना क्षेत्र के घूरा गांव से सामने आया मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय

# जिंदा मां-बहन को मृत बताने की पोस्ट से फैली सनसनी

**छतरपुर।**

जिले के बमीठा थाना क्षेत्र के घूरा गांव से सामने आया मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि एक बेटे ने अपनी जिंदा मां और बहन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर उन्हें भगवान उनकी आत्मा को शांति दे लिखते हुए मृत घोषित कर दिया।

यह पोस्ट वायरल होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। पिता वृंदावन शिवहरे की चैक बाउंस होने के कारण 27 माह की सजा या 6 लाख रूपये एक माह के अंदर जमा करने का न्यायलय का निर्देश है भरत शिवहरे माँ बहिन से 3 लाख रूपये एवं 3 लाख भरत जमा कर पिता को जेल जाने से बचाना चाहता था। माँ बहिन के साथ रहती है खाना अलग बनाती है पिता भरत के साथ रहता खाना खाता बहिन सोनम ने सौरभ घाटमपुर के साथ लव मैरिज किया था। अब बहिन सोनम का पति के साथ विवाद चल रहा विवाद इतना बढ गया कि सोनम माँ के साथ मायके घूरा मे रहने लगी और एक बच्चा पति के साथ एक बच्चा सोनम के साथ रहता है। सोनम अब दूसरे के साथ शादी करना चाहती है। इसी बात पर से माँ बहिन एवं पिता पुत्र का विवाद बढ़ गया। माँ ने गुस्सा मे पति पुत्र से कह दिया कि तुम दोनों के लिए मैं मर गई और मेरे लिए तुम दोनों मर गए हो। बस इसी बात पर भरत ने गुस्सा में आकर सिर का मुंडन करवाकर पोस्ट शेयर कर दी। माँ बहिन मेरे लिए मर गई भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

### क्या है मामला -

मामला जमीन और पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। घूरा गांव निवासी पुष्पा शिवहरे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनका बेटा भरत शिवहरे लंबे समय से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद कर रहा है। जब उन्होंने अपनी बेटी सोनम को जानकारी दी तो विवाद और बढ़ गया। इसके बाद सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट ने इस मामले को चर्चाओं में ला दिया।

सोनम शिवहरे ने अपने भाई भरत पर मां के साथ अभद्रता और मारपीट के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मकान उनके नाम विधिवत हुआ है और वह उसे लौटाने के लिए बाध्य नहीं हैं। दूसरी ओर भरत का दावा है कि परिवार के कुछ सदस्य पिता को जेल जाने देने की बात कर रहे थे, जिससे आहत होकर उसने भावावेश में सोशल मीडिया में पोस्ट की।

### विवाद की जड़ : चेक बाउंस और 6 लाख की व्यवस्था -

रिश्तों को सार्वजनिक बहस का विषय बना दिया। यह प्रकरण सिर्फ एक कानूनी विवाद नहीं, बल्कि पारिवारिक रिश्तों की कसौटी भी बन गया है। पुष्पा शिवहरे की शिकायत पर पुलिस ने भरत शिवहरे और उनके पिता के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं और तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पड़ताल में सामने आया कि भरत के पिता वृंदावन शिवहरे पर चार वर्ष पुराने चेक बाउंस मामले में 27 महीने की सजा या 6 लाख रुपये जमा करने का न्यायालयीन निर्देश है। परिवार में इस राशि की व्यवस्था को लेकर मतभेद गहराए। बताया जा रहा है कि पिता की संपत्ति बेचकर राशि जमा करने की बात उठी, लेकिन इसी मुद्दे पर परिवार दो हिस्सों में बंट गया। सूत्रों के अनुसार, पिता ने पूर्व में एक मकान पुत्री सोनम के नाम किया था। अब संकट की घड़ी में उस संपति को लेकर मतभेद उत्पन्न हो गया। भरत का कहना है कि पिता को सजा नहीं होने देना मेरा कर्तव्य है, उनके सम्मान की रक्षा करना बेटे का फर्ज है। क्या संपत्ति और धन के विवाद में रिश्तों की गरिमा इतनी कमजोर हो जाती है कि जिंदा मां और बहन को मृत घोषित करने जैसी घटना सामने आए फिलहाल जांच जारी है, लेकिन इस घटनाक्रम ने समाज के सामने यह कड़वा सच रख दिया है कि पारिवारिक संवाद की कमी और आर्थिक तनाव जब चरम पर पहुंचता है, तो रिश्तों की डोर टूटने लगती है।

**खबर संक्षेप**



### कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग प्रशासन द्वारा चलाया गया मिलावट से मुक्ति अभियान, मिष्ठान दुकानों में की गई कार्यवाही

**रीवा।** मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा होली के त्योहार के दृष्टिगत मिष्ठान विक्रेताओं की जाँच के संबंध में विशेष अभियान आरंभ किया गया। जाँच के दौरान न्यू बस स्टैंड स्थित मिष्ठान विक्रेताओं की जाँच की गई। शिवा मिष्ठान भंडार में अत्याधिक गंदगी पाई गई एवं अनहाइजीनिक परिस्थितियों में मिष्ठान एवं नाश्ता बनाते विक्रय करते पाए गए। प्रतिष्ठान के किचेन में फर्श अत्यधिक गंदा पाया गया। मिठाइयां एवं समोसे इत्यादि खुले में रोड के किनारे विक्रय किया जा रहा था जिसमें मक्खियां बैठ रही थी एवं रोड की धूल मिट्टी से खाद्य सामग्री संदूषित हो रही थी। प्रतिष्ठान में गुणवत्ता की शंका के आधार पर मिल्क केक एवं बर्फ़ी के नमूने जाँच के लिये गये। जाँच के दौरान टीम द्वारा फॉरेवर स्वीट्स की जाँच की गई । प्रतिष्ठान प्रभारी को किचन में स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में निर्देश दिए गए । टीम द्वारा पेड़ा एवं बर्फ़ी के नमूने जाँच हेतु गए। फॉरएवर स्वीट्स में पिछले वर्ष जाँच के दौरान अस्वच्छ परिस्थितियों पाए जाने से न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। टीम द्वारा जाँच के दौरान मधुरम रेस्टोरेंट से मिलावट की शंका के आधार पर वरफी, मगज लड्डू ,नमकीन के नमूने जाँच हेतु लिए गए । टीम में संभागीय उड़न दस्ता प्रभारी अमरीश दुबे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी साबिर अली, शकुंतला मिश्रा, रश्मि शुक्ला सम्मिलित रहे।

**धरती आबा ग्राम सलैया के कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल**

# शिक्षा से ही जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है - राज्यपाल








**मऊगंजः**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। पढ़-लिख कर ही आगे बढ़ा जा सकता है। इसलिए शिक्षा के महत्व को समझते हुए प्रत्येक बच्चे को शिक्षा मुहैया कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ जनजातीय व गरीब वर्ग के लोगों को प्राथमिकता से दिलाने का कार्य किया जाना चाहिए ताकि वह देश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर भागीदार बन सकें। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल मऊगंज जिले के हनुमना जनपद अंतर्गत दूरस्थ जनजातीय धरती आबा ग्राम सलैया खास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।राज्यपाल ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अल्प आयु में ही देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना आदिवासियों के उत्थान के लिए वरदान साबित होगी। इस योजना के तहत 18 विभागों द्वारा उनकी योजनाओं का लाभ जनजातीय परिवारों को मिलेगा। राज्यपाल जी ने आदिवासी युवाओं का आह्वान किया कि वह शिक्षित होकर अपने समाज के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करें क्योंकि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के लिए इस योजना से लाभ लेकर बराबरी का दर्जा प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूह के माध्यम से महिलाएं विकास की राह पकड़ चुकी हैं। उनमें आत्मविश्वास तो बढ़ा ही है साथ ही महिला सशक्तिकरण का भी उदाहरण प्रस्तुत हुआ है। श्री पटेल ने कहा कि यह उनका मऊगंज जिले का प्रथम प्रवास है। यहां जनजातीय समुदाय के बड़ी संख्या में लोग निवास कर रहे हैं। उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। श्री पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी जी को साधुवाद दिया जिनके प्रयासों से देश में सिकल सेल उन्मूलन के लिए 15 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सिकल सेल की जांच की जाकर तथा जनजातीय समाज में जागरूकता फैलाकर इसके उन्मूलन के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र योजना से टीवी पीड़ति मरीज को पोषण किट का वितरण किया गया है जिससे वह नियमित दवाई तथा पौष्टिक आहार लेकर टीवी रोग से मुक्ति पा सकेंगे। राजपाल जी ने कहा कि उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ समाज के गरीब वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों से आह्वान किया कि जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाने में कृत संकल्पित रहे। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि राज्यपाल मंगू भाई पटेल देश के ऐसे प्रथम व्यक्ति हैं जिन्होंने सिकल सेल बीमारी की पहचान व उसकी जांच के लिए कार्य प्रारंभ किया। वह इसके उन्मूलन के लिए पूरे मनोयोग से जुटे हुए हैं। उनके मार्गदर्शन से इस अनुवांशिक बीमारी को 2047 तक जड़ से खत्म करने में मदद मिलेगी। मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में करोड़ों आदिवासियों की जिंदगी को बचाने का कार्य देश में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मऊगंज जिले की एक-एक इंच भूमि संचित होगी। नलजल योजना से हर घर को स्वच्छ जल मिलेगा। पीएम आवास का हर पात्र व्यक्ति को लाभ मिलेगा और सभी के समन्वित प्रयास से यह जिला आदर्श जिले के तौर पर स्थापित होगा। सांसद श्री मिश्र ने सलैया आदि सेवा केंद्र तक की सड़क निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने कहा कि मऊगंज जिले के हनुमना विकासखंड में बड़ी संख्या में जनजातीय लोग निवास करते हैं। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना से जोड़कर हनुमना जनपद को आकांक्षी विकासखंड बनाया गया है। धरती आबा के 144 ग्रामों में शासन की योजनाओं का लाभ दूरस्थ गांव के लोगों को मिलेगा और वह समाज की मुख्य धारा में जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का जनजातीय पारंपरिक नृत्य शैला एवं कर्मा से स्वागत हुआ। भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण व उनके चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राखी द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान की राज्यपाल जी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा कहा कि सभी विद्यालयों में राखी द्वारा वंदे मातरम गीत प्रस्तुतीकरण कराएं ताकि बच्चे इसे कंठस्थ कर सकें। राज्यपाल ने जिला पंचायत सदस्य उर्मिला सिंह का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में कुलगुरु राजेंद्र कुमार कुड़रिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, समाजसेवी डॉ. राजेंद्र मिश्र, सरपंच सलैया इंदरनिया कोल, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण, हितग्राही व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। राज्यपाल महोदय को जिला प्रशासन द्वारा सुपारी से बने गणेश जी तथा बहुती प्रपात का चित्र भेंट किया गया। आभार प्रदर्शन अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने किया।

## रीवा रेलवे स्टेशन में अवैध वसूली से नाराज पूर्व विधायक मऊगंज ने दिया धरना

**पिक एंड ड्रॉप वसूली 5 दिन के लिए स्थगित, धरने के बाद जागा रेलवे प्रबंधन नशे में मिले पार्किंग के कर्मचारी,जांच के निर्देश**

**रीवा।** रीवा रेलवे स्टेशन पर पिक एंड ड्रॉप के नाम पर कथित अवैध वसूली के विरोध में बुधवार सुबह बड़ा घटनाक्रम सामने आया। मऊगंज के पूर्व विधायक और कांग्रेस के नेता सुखेंद्र सिंह बन्ना अपने समर्थकों के साथ स्टेशन परिसर स्थित स्टैंड पर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस एवं रेलवे प्रबंधक के अधिकारियों ने कई घंटों तक समझने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने और उन्होंने भोपाल के हबीबगंज में चालू पिक एंड ड्रॉप वसूली हवाला देते हुए धरने पर बैठे रहे। कई घंटे प्रदर्शन के बाद रेलवे प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से आगामी पांच दिनों के लिए पिक एंड ड्रॉप शुल्क की वसूली पर रोक लगा दी है और समय-सीमा के निर्धारण की समीक्षा करने का आश्वासन दिया है।भोपाल की तर्ज पर 20 मिनट की मांगपूर्व विधायक बन्ना ने आरोप लगाया कि रीवा स्टेशन पर निजी ठेकेदार द्वारा पिक एंड ड्रॉप के नाम पर अवैध वसूली की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने कहा कि जहां भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन (अब रानी कमलापति रेलवे स्टेशन) पर पिक एंड ड्रॉप के लिए 20 मिनट का समय निर्धारित है, वहीं रीवा में मात्र 5 मिनट की समय-सीमा तय की गई है। बन्ना ने सवाल उठाया कि एक ही प्रदेश के दो रेलवे स्टेशनों में अलग-अलग नियम क्यों लागू किए गए हैं। उनका कहना था कि पांच मिनट की समय-सीमा व्यवहारिक नहीं है और इसी का फायदा उठाकर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है।धरने के बाद हरकत में आया प्रबंधनधरने की सूचना मिलते ही रेलवे प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पूर्व विधायक से चर्चा की और जबलपुर स्थित उच्च अधिकारियों से फोन पर बात कराई। उच्च स्तर पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि अगले पांच दिनों तक पिक एंड ड्रॉप शुल्क की वसूली स्थगित रहेगी। रेलवे अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि इस अवधि में समय-सीमा का पुनर्निर्धारण किया जाएगा और नियमों के अनुरूप ही आगे वसूली की जाएगी। साथ ही, कथित अवैध वसूली के मामलों की जांच कराने का भी भरोसा दिया गया है।निजी ठेकेदार पर आरोपरीवा रेलवे स्टेशन पर पिक एंड ड्रॉप व्यवस्था का संचालन निजी ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा है। पिछले कुछ समय से यात्रियों और स्थानीय लोगों की ओर से अधिक शुल्क वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं। आरोप है कि निर्धारित समय बहुत कम होने के कारण वाहन चालकों को अनावश्यक रूप से शुल्क देना पड़ता है। धरने के दौरान मौजूद स्थानीय नागरिकों ने भी रेलवे प्रशासन से पारदर्शी व्यवस्था लागू करने और समय-सीमा बढ़ाने की मांग की।

## खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध हुई कार्यवाही



**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रीवा प्रतिभा पाल के निर्देश पर खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी एवं खनिज निरीक्षक आरती सिंह द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। खनिज विभाग द्वारा मंगलवार को बनकुइया बाईपास में की जा रही जांच के दौरान खनिज गिट्टी का परिवहन कर रहे वाहनो की सघन जांच की गई l इस दौरान गिट्टी का अवैध परिवहन करते दो हाइवा वाहन मिले, जिन्हे जप्त कर प्रकरण दर्ज किए गए। यह कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी। कलेक्टर रीवा द्वारा आयोजित टास्क फोर्स बैठक में खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन के विरुद्ध खनिज राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर जांच कर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। इसी परिपेक्ष में जिले में अवैध उतखनन एवं परिवहन कर रहे वाहनों के साथ ही जिले के खनिज माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है।

**गुजरात व इंदौर से 9 गिरफ्तार चोरहटा पुलिस ने की कार्रवाई, 14 मोबाइल, कार-स्कूटी और नकदी जब्त**

# शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा का झांसा देकर 31 लाख की ठगी





**रीवा**

शहर के चोरहटा थाना पुलिस ने शेयर बाजार में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 31 लाख 36 हजार 478 रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक टाटा नेक्सॉन कार, स्कूटी, नकदी, 14 मोबाइल फोन और नोट गिनने की मशीनें बरामद की गई हैं। बता दे थाना चोरहटा में 23 फरवरी 2026 को फरियादी कौशल प्रसाद तिवारी (49) निवासी ग्राम बहुरीबांध, जिला रीवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्तियों ने शेयर मार्केट कंपनी में निवेश कर अधिक लाभ दिलाने का झांसा देकर उनसे अलग-अलग बैंक खातों और नगद के माध्यम से कुल 31,36,478 रुपये जमा करा लिए। निवेश के बाद जब लाभ नहीं मिला और संपर्क टूट गया, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने साइबर सेल और थाना चोरहटा की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर रीवा और इंदौर में दबिश देकर 24 घंटे के भीतर 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को 25 फरवरी 2026 को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से टाटा नेक्सॉन कार (कीमत लगभग 15 लाख रुपये) टीवीएस जुपिटर स्कूटी (कीमत लगभग 1 लाख रुपये) नगद 51,300 रुपये14 मोबाइल फोन 3 नोट गिनने की मशीनें (दो बड़ी, एक छोटी) बरामद कर जप्त किया है, बता दे गिरफ्तार आरोपियों में गुजरात के मेहसाणा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी अशोक भाई पटेल (47), निकुंज भाई ओझा (26), प्रवीण भाई पटेल (51), विजय कुमार नाई (33) और निकुल कुमार (35) शामिल हैं। इसके अलावा इंदौर निवासी प्रीतपाल सिंह धालीवाल (45), विनोद यादव (35), शुभम कनौजिया (25) और देवेंद्र सिंह (27) को भी गिरफ्तार किया गया है।संगठित तरीके से करते थे ठगीप्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया और मोबाइल कॉल के माध्यम से लोगों को शेयर बाजार में निवेश का लालच देते थे। फर्जी प्रोफाइल और व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर भरोसा जीतते थे और फिर अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करवा लेते थे। रकम निकालने के लिए नोट गिनने की मशीनों का उपयोग किया जाता था। पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों, मोबाइल डेटा और अन्य लेनदेन की जांच कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि गिरोह ने अन्य लोगों को भी निशाना बनाया हो सकता है।

## ग्राम दुआरी में भाकपा के तत्वावधान में अनिश्चितकालीन अनशन एवं धरना तीसरे दिन भी जारी, महिलाओं सहित ग्रामीणों का अपार समर्थन



**रीवा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वावधान में दिनांक 23 अक्टूबर 2026 से ग्राम दुआरी, तहसील गुढ़, जिला रीवा अंतर्गत विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर प्रारंभ किया गया अनिश्चितकालीन अनशन एवं धरना आज तीसरे दिन भी पूरे जोश और जनसमर्थन के साथ जारी रहा। आंदोलन को आज विशेष रूप से महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों का अपार समर्थन प्राप्त हुआ। यह अनिश्चितकालीन अनशन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 15 कामरेड लालमणि त्रिपाठी तथा भाकपा जिला परिषद सदस्य हरिश्चंद्र पांडेय के नेतृत्व एवं पूर्व अगुआई में संचालित किया जा रहा है। तीसरे दिन भी क्षेत्र की जनता बड़ी संख्या में धरना स्थल पर एकत्रित होकर आंदोलन को मजबूती प्रदान कर रही है। कामरेड लालमणि त्रिपाठी ने बताया कि गुढ़ तहसील अंतर्गत वर्षों से लंबित जनसमस्याओं के निराकरण हेतु प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से यह आंदोलन प्रारंभ किया गया है। क्षेत्र में अधूरी पड़ी नहर के कारण किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं और किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि अधूरी नहर का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाए, बहुती केनाल से नदी में अविलंब पानी छोड़ा जाए तथा बाणसागर नहर परियोजना से पूरे गुढ़ विधानसभा क्षेत्र, बड़ागांव, बंजारी, गुढ़, बघमड़ा, अमिरती, रकरिआ, रायपुर कर्चुलियान, बदवार एवं बरसैता क्षेत्र में तत्काल जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विगत लगभग चालीस वर्षों से लगे जर्जर विद्युत तारों के कारण लगातार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, अतः पुराने तारों को हटाकर नवीन विद्युत केबल लगाए जाएं तथा जले हुए विद्युत ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदला जाए। साथ ही ग्राम दुआरी एवं आसपास के क्षेत्रों में पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए खराब पड़े हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत कर चालू कराया जाए। अनशनकारियों ने दुआरी कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य द्वारा बारह छात्राओं का दसवीं बोर्ड परीक्षा फॉर्म समय पर न भरे जाने को गंभीर लापरवाही बताते हुए संबंधित प्राचार्य के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही आदिवासी एवं हरिजन समुदाय को सीलिंग से प्राप्त भूमि का वर्ष 1990 के नक्शे के अनुसार पुनः सही सीमांकन कर राजस्व समिति गठित करने तथा ग्राम दुआरी सर्किल को उप तहसील घोषित किए जाने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। आंदोलनकारियों ने ग्राम दुआरी में संचालित शराब दुकान को तत्काल बंद किए जाने की मांग करते हुए कहा कि शराब के कारण क्षेत्र में सामाजिक अव्यवस्था, अपराध एवं पारिवारिक कलह बढ़ रही है। साथ ही भूमिहीन परिवारों को आवास हेतु भूमि आवंटित किए जाने तथा वर्षों से शासकीय भूमि पर निवासरत परिवारों को कब्जे के आधार पर पट्टा प्रदान किए जाने की मांग की गई। धरना स्थल पर पीएचई विभाग के अधिकारी एसडीओ अतुल तिवारी, इंजीनियर विकास तिवारी एवं सुधीर पटेल भी पहुंचे तथा समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। धरना-प्रदर्शन में प्रकाश चंद्र अग्निहोत्री, बुद्धसेन कोल, भैयालाल कोल, श्यामलाल कोल, विधाता कोल, शीतला कारपेंटर, इंद्रप्रताप लूनिया, नारायण प्रसाद कैचर, नेता यगनारायण साकेत, शिवधारा साकेत, प्रदीप कोल, बिहारीलाल साकेत, राजबहोर साकेत, विश्वभर त्रिपाठी, सुरेश कुमार तिवारी, दिनेश कुमार अग्निहोत्री, विनोद कुमार अग्निहोत्री, लोकनाथ रजक, रामपियारे विश्वकर्मा, सुशील कुमार पांडेय, रामनिहोर कुशवाहा, लक्ष्मीदास गुप्ता, बाबूलाल कोल, रामकरण कोल, विजय बृजवासी साकेत, उमेश पांडेय, रामभान लोनिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अनशनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उपरोक्त समस्त मांगों का निराकरण नहीं किया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन अनशन एवं धरना जारी रहेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## अस्पताल से ढाई वर्षीय मासूम लापता,मचा हड़कंप

**चौराहे के पास अकेले घूमता मिला बच्चा, सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता से टली अनहोनी**



**रीवा।** गांधी मेमोरियल अस्पताल में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब वार्ड से ढाई वर्षीय मासूम अचानक लापता हो गया। कुछ देर तक अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। बाद में बच्चा अस्पताल के बाहर चौराहे के समीप अकेले घूमता मिला, जिसे सुरक्षा कर्मियों ने सकुशल परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के सोनभद्र निवासी सुनीता अपनी बेटी जूही को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराई हुई हैं। बुधवार सुबह वह वार्ड में भर्ती बेटी को छोड़कर अपने ढाई वर्षीय बेटे रेवांश के साथ मौजूद थीं। बताया गया है कि दवा लेने के लिए वह कुछ समय के लिए बाहर गईं और इस दौरान मासूम बेटा वार्ड से बाहर निकल गया।बजब मां दवा लेकर वापस लौटी तो बेटे को पास न पाकर घबरा गई। उसने वार्ड और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। बच्चे के गायब होने की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों में हड़कंप मच गया। अस्पताल परिसर में तत्काल खोजबीन शुरू की गई। इसी बीच अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने अस्पताल के मुख्य चौराहे के समीप एक छोटे बच्चे को अकेले भटकते देखा। पूछताछ करने पर वह कुछ स्पष्ट नहीं बता सका। आशंका होने पर सुरक्षाकर्मी उसे अस्पताल पुलिस चौकी ले गए। उधर, बेटे की तलाश में परेशान मां भी खोजते-खोजते अस्पताल पुलिस चौकी पहुंच गई, जहां उसने अपने बेटे को सुरक्षित देखा तो राहत की सांस ली। मां-बेटे के मिलन के बाद पूरे घटनाक्रम का सुखद अंत हुआ और अस्पताल प्रशासन ने भी राहत महसूस की। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ाने की बात कही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## संजय त्रिपाठी बने अंतरर्ष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अधिवेशन में मिली बड़ी जिम्मेदारी संगठन विस्तार और राष्ट्रहित के कार्यों को मिलेगी नई गति



**रीवा।** महाकाल की पावन नगरी उज्जैन स्थित विश्वप्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर की आध्यात्मिक छाया में 25 फरवरी को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अधिवेशन में विंध्य क्षेत्र के सशक्त सामाजिक कार्यकर्ता संजय त्रिपाठी को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद का विंध्य प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया द्वारा संगठन विस्तार, वैचारिक सशक्तिकरण और जनसंपर्क को गति देने के उद्देश्य से की गई। राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से आए पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं और सनातन धर्म के अनुयायियों की उपस्थिति में यह महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। डॉ. तोगड़िया ने कहा कि विंध्य क्षेत्र सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है तथा यहाँ संगठन के विस्तार की व्यापक संभावनाएँ हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में संगठन न केवल मजबूत होगा बल्कि राष्ट्रहित,सेवा और संस्कार के कार्यों को नई दिशा मिलेगी।प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद संजय त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है,वह केवल एक पद नहीं बल्कि राष्ट्र,धर्म और समाज की सेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि संगठन के मूल उद्देश्य 'राष्ट्रभक्ति,सांस्कृतिक संरक्षण,सामाजिक समरसता और युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने' को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विंध्य क्षेत्र के प्रत्येक जिले, नगर और ग्राम स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। रीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र में संजय त्रिपाठी की नियुक्ति को लेकर उत्साह और गर्व का वातावरण देखा जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं,धर्मप्रेमियों,बुद्धिजीवियों और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने संजय त्रिपाठी को बधाई देते हुए इसे विंध्य क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। वरिष्ठजनों का कहना है कि श्री त्रिपाठी लंबे समय से सामाजिक,धार्मिक और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहे हैं तथा उनके अनुभव और समर्पण से संगठन को नई मजबूती मिलेगी।